हाऊसिंग बोर्ड ने एक दिन में 381 मकान बेचकर 58 करोड़ कमाये

लोगों को 50 प्रतिशत तक की छूट पर 13 साल की 156 मासिक किश्तों में उपलब्ध करवाये जा रहे हैं आवास : पवन अरोड़ा

-कार्यालय संवाददाता-

- **जयपुर में 169 और अलवर में 86 मकान बेचे गये**
- **असफल बोलीदाताओं को अगले 72 घंटों में ईएमडी राशि वापस लौटा दी जायेगी**

जयपुर। हाऊसिंग बोर्ड ने 'किश्तों पर आवास' स्कीम में बुधवार को एक दिन में 381 मकान बेचकर 58 करोड़ 22 लाख रुपये का राजस्व कमाया। इस बंपर बिक्री के साथ ही एक नया कीर्तिमान रचा है।

आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि आवासन मंडल की साख का ही कमाल है कि कोरोना जैसी महामारी के इस दौर में भी हमारे मकान लोगों के बीच पसंदीदा है। इस योजना में 700 से अधिक लोगों ने 7 करोड़ रूपये से अधिक की राशि जमा करवाकर इसमें भाग लिया था। लोगों को 39 शहरों की 45 योजनाओं में 50 प्रतिशत तक छूट पर आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जो कि हाऊसिंग बोर्ड के इतिहास में पहली बार हुआ है कि इतनी भारी छूट के साथ 13 वर्ष की आसान 156 मासिक किश्तों पर लोगों को मकान मिल रहे हैं। अरोड़ा ने पहले बुधवार को मकान मालिक बने लोगों को बधाई दी। साथ ही उन्होंने कहा कि असफल बोलीदाताओं को निराश होने की जरूरत नहीं है। उनकी ईएमडी राशि अगले 72 घंटे वापस कर दी जाएगी और वो अगले बुधवार के लिए सोमवार से दुबारा बिड़ कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि बुधवार नीलामी उत्सव के तहत जयपुर में सर्वाधिक 169 मकान बिके। जिसमें से जयपुर वृत्त प्रथम में 75, जयपुर वृत्त द्वितीय में 59 और जयपुर वृत्त तृतीय में 35 मकान बिके। अलवर क्षेत्र में भी यह योजना हिट रही। यहां 86 मकान बिके। इनमें से भी अकेले भिवाड़ी में 5 करोड़ 92 लाख रूपये के 54 फ्लैट बिके। इसी तरह बीकानेर वृत्त में 37 मकान, जोधपुर वृत्त प्रथम और द्वितीय में 27 मकान, कोटा वृत्त में 29 मकान और उदयपुर वृत्त में 30 मकान बिके।

अरोड़ा ने बताया कि सफल बोलीदाताओं को दूसरे बुधवार से पहले आवंटन पत्र जारी कर दिए जाएंगे। इसके बाद 30 दिन में बोली मूल्य की 10 प्रतिशत राशि जमा करानी होगी, जिसमें से ईएमडी के रूप में जमा 5 प्रतिशत रकम समायोजित कर लिए जाएंगे। इस आवंटन पत्र में किश्तों का विस्तृत विवरण भी समाहित होगा। यह राशि जमा कराने के 7 दिन में बोलीदाता को मंडल द्वारा मकान की चाबी सौंप दी जाएगी। उन्होंने बताया कि किश्तों पर जयपुर के प्रतापनगर में गोदावरी, प्रताप, सतुलज, गोमती, झेलम और गंगा अपार्टमेंट में 419 आवास, इंदिरा गांधी नगर के उदयगिरी, धवलगिरी, नीलकंठ और अरावली अपार्टमेंट में 47 आवास, मानसरोवर में भृगु अपार्टमेंट में 29 आवास मौजूद है।

अब मंडल के 1840 आवास भी 50 फीसदी तक की छूट पर बुधवार नीलामी उत्सव के तहत सभी के लिए किश्तों में आवास योजना में आमजन के लिए उपलब्ध होंगे। इनमें जयपुर के वृत्त प्रथम में 24, जयपुर वृत्त द्वितीय के ब्यावर, नसीराबाद, किशनगढ़ और अजमेर में 15, जयपुर वृत्त तृतीय के इंदिरा गांधी नगर और दौसा में 54, जोधपुर वृत्त प्रथम में 1674, जोधपुर वृत्त द्वितीय में 46, उदयपुर वत्त के निम्बाहेड़ा, बड़ी सादड़ी और गोवर्द्धन विलास योजना में 27 आवास शामिल किए गए हैं।